>

Title: Need to conduct an inquiry into the allocation of mines in Jodhpur, Rajasthan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, राजस्थान सरकार ने वर्ष 2009 में एक खनिज नीति बनाई और खनिज सम्पदा के आवंटन के लिए उन्होंने कहा कि "पहले आओ, पहले पाओ" की नीति के आधार पर सैण्ड स्टोन के पट्टे के लिए आवेदन की मांग की थी। उसके तहत उनको 87 आवेदन पत्र प्राप्त हुए और उसमें यह शर्त थी कि पट्टा कम से कम पांच हेक्टेअर के लिए दिया जाएगा। वर्ष 2011 में राजस्थान खनन नीति में 50 प्रतिशत आरक्षित वर्ग को और 50 प्रतिशत खदानें नीलामी में दी जानी थीं। इसके साथ ही खदान का पट्टा कम से कम पांच हेक्टेअर के लिए देने की शर्त थी। 23 नवंबर, 2012 को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में प्रस्ताव लेकर राजस्थान खनन नीति में संशोधन कर पांच हेक्टेअर की शर्त की जगह एक हेक्टेअर की शर्त कर दी गयी। उसमें यह शर्त जोड़ दी गई कि जोधपुर जिले के गांव बड़ेकोटेजा में खदान उसी को मिलेगी जिसका जोधपुर के लिए मंडोर स्टोन पार्क में सैंड स्टोन का कारखाना होगा। राजस्थान सरकार के इस संशोधन का पूरा लाभ राजस्थान के...* को गया। 87 आवेदनों में से 50 आवेदक इस शर्त के साथ बाहर हो गए। बाकी बचे 37 आवेदनों में से 17 राजस्थान के ... * को गए।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय: एलीगेशन नहीं लगाना है, नाम लेकर एलीगेशन नहीं लगाना है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : उन लोगों को खानें आबंटित हो गई। राजस्थान सरकार के मुख्य मंत्री संवैधानिक पद पर हैं।

उपाध्यक्ष महोदय: जो नाम लिया गया है, उसे डिलीट कर दिया जाए।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : मैं उसी पर आ रहा हूं।

उपाध्यक्ष महोदय: सीधे आइए, आप क्या चाहते हैं, वह बोलें।

श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद): सुप्रीम कोर्ट में मामला है, सीसी कमेटी जांच कर रही है।

उपाध्यक्ष महोदय: ठीक है, उन्हें बोलना था, बोल दिया, आपको जवाब नहीं देना है। जवाब देने का काम सरकार का है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल : राजस्थान के मुख्य मंत्री संवैधानिक पद पर हैं। मैं भारत सरकार के गृह मंत्री जी से मांग करता हूं कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए और जिन्हें खानें आबंटित हुई हैं, वे रद्द होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय:

श्री राजेन्द्र अग्रवाल और

श्री वीरेन्द्र कश्यप, श्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करते हैं।